नई दिल्ली, शनिवार
17 फरवरी, 2024
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

आयकर विभाग ने चुनाव से पहले फ्रीज किया पार्टी का बैंक खाता: कांग्रेस 1
मोदी का विरोध ही कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा: मोदी 3

हिंडन से किशनगढ़ के लिए उड़ान शुरू, 47 ने की यात्रा

किशनगढ़ से हिंडन हवाई अड्डा पर पहुंचे यात्री • जागरण

हिंडन से इस समय उड़ान भरेगा विमान : हिंडन एयरपोर्ट से किशनगढ़ के लिए शाम 05 :30 विमान प्रस्थान करेगा, जो उसी दिन शाम 6 :45 पर किशनगढ़ पहुंचेगा। इसी तरह किशनगढ़ से हिंडन के लिए दोपहर 02 :05 बजे विमान उड़ान भरेगा और दोपहर 03 :15 हिंडन पहुंचेगा।

999 रुपये में यात्री बुक कर सकते हैं टिकट

मुझे अपने भाई के पास दिल्ली के साकेत जाना है। मैं अपने परिवार के साथ किशनगढ़ से आया हूं। टिकट भी बहुत सस्ता था। अब बस व ट्रेन का घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। **-महेंद्र, यात्री**



दिल्ली व गाजियाबाद में मेरे प्रोजेक्ट चल रहे हैं। किशनगढ़ से यहां आने में कोई परेशानी नहीं हुई। फ्लाइट शुरू होना बहुत अच्छी सुविधा है। दूसरे एयरपोर्ट में दो से तीन घंटे इंतजार करना पड़ता है। **-किशोर पोसवाल, यात्री।**

जागरण संवाददाता, साहिबाबाद : हिंडन एयरपोर्ट से किशनगढ़ के लिए शुक्रवार से फ्लाइट शुरू हो गई है। एयरपोर्ट निदेशक सरस्वती वेंकटेश ने हरी झंडी दिखाकर विमान को शाम 5:30 बजे किशनगढ़ के लिए रवाना किया। इसमें 47 लोगों ने यात्रा की। निदेशक व स्टार एयर के वाइस प्रेसिडेंट मनु आनंद ने चिश्ती फाउंडेशन अजमेर शरीफ के चेयरमैन हाजी सैय्यद सलमान चिश्ती को बोर्डिंग टिकट दिया। वहीं दोपहर 3:15 बजे फ्लाइट किशनगढ़ से 57 यात्रियों को लेकर हिंडन पहुंची थी।

हिंडन से शुरू हुई स्टार एयर की तरफ से किशनगढ़ की उड़ान 76 सीटर है। इसमें लोगों को इकोनामी व बिजनेस क्लास दोनों ही तरह की सुविधा मिलेगी। एयरपोर्ट निदेशक सरस्वती वेंकटेश ने बताया कि हफ्ते के सोमवार, शुक्रवार, शनिवार व रविवार को शाम साढ़े पांच बजे से हिंडन से अजमेर के किशनगढ़ के लिए उड़ान सेवा शुरू की गई है। स्टार एयर लाइंस कंपनी ने शुरुआती दिनों में अपने यात्रियों के लिए एक विशेष सुविधा शुरू की है। इसके अनुसार इकोनामी फ्लाइट की टिकट मात्र 999 रुपये में यात्री बुक कर सकते हैं। फ्लाइट को आगामी तिथि के दो या तीन महीनों के लिए भी बुक कर सकते हैं।

सस्ते टिकट से फ्लाइट में बैठने का सपना किया पूरा: लोगों ने सस्ता टिकट देख फ्लाइट में बैठने का सपना पूरा किया। किशनगढ़ से फ्लाइट से हिंडन एयरपोर्ट पहुंचने वालों में से पांच परिवार ऐसे थे जो केवल घूमने के लिए आए थे। शाम 5:30 बजे की फ्लाइट से लौट गए।

इन शहरों के लिए जल्द शुरू होगी उड़ान सेवा: हिंडन एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा कई शहरों के लिए उड़ान शुरू की जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया जारी है। हैदराबाद, कोलकाता व मोपा (गोवा) के लिए फ्लाइट शुरू की जाएगी। साथ ही इलाहाबाद व अयोध्या के लिए भी जल्द उड़ान शुरू होगी। स्टार एयर के वाइज प्रेसिडेंट मनु आनंद ने बताया कि मार्च के अंत तक आदमपुर, नांदेड़ व हिंडन को कनेक्ट करने वाली फ्लाइट शुरू होगी।

विमान सेवा से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा : हिंडन से जिन शहरों के लिए विमान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। उनमें से ज्यादातर आध्यात्मिक जगह हैं। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। महाराष्ट्र का नांदेड़ सिखों के गुरुद्वारा के लिए जाना जाता है। अजमेर शरीफ जाने वालों के लिए हिंडन से उड़ान काफी मददगार साबित होंगी।